बजरंगबली मेरी नाव चली करुना कर पार लगा देना

बजरंगबली मेरी नाव चली, करुना कर पार लगा देना |
हे महावीरा हर लो पीरा, सत्माराग मोहे दिखा देना ||

दुखों के बादल गिर आयें, लहरों मे हम डूबे जाएँ |
हनुमत लाला, तू ही रखवाला, दीनो को आज बचा लेना ||

सुख देवनहारा नाम तेरा, पग पग पर सहारा नाम तेरा |
भव भयहारी, हे हितकारी, कष्टों से आज छुड़ा देना ||

हे अमरदेव, हे बलवंता, तुझे पूजे मुनिवर सब संता |
संकट हारना लागे शरणा, श्री राम से मोहे मिला देना ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/48/title/Bajrang-bali-meri-naav-chali-karuna-kar-paar-laga-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |